>

Title: Need to emphasize involvement of MPs in planning and implementation of Centrally sponsored scheme.

डॉ. राजन सुशान्त : महोदय, आज यहां आपने मुझे लोक सभा के सभी सांसदों की भावनाओं को प्रकट करने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभापति महोदय : यह आप कैसे जान गये कि सबकी भावना है।

डॉ. राजन सुशान्त : महोदय, हम सब मिलते-जुलते रहते हैं तो महोदय, सभी की ये भावनाएं हैं। अभी हाल ही में सरकार ने सांसद निधि दो करोड़ रूपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रूपये कर दी है, उसके लिए हम सभी धन्यवाद करना चाहते हैं। इसके साथ ही मैं एक बहुत ही अहम मुद्दा आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए, राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टि से, स्वाभिमान की दृष्टि से और स्वराज की दृष्टि से यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार मजबूत बने।

केन्द्र सरकार तभी मज़बूत होगी जब केन्द्र सरकार को बनाने वाली संसद मज़बूत होगी। संसद तभी मज़बूत समझी जाएगी, जब इसके मूल घटक सांसद अपना काम करने में ज्यादा सक्षम होंगे, ज्यादा ताकतवर होंगे, उनका मान-सम्मान होगा।

आदरणीय सभापति जी, आज मुझे बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि हमने हाल ही में जो बजट दिया है, लगभग 12 लाख करोड़ रुपये का बजट भारत सरकार का आया है। मैं गिनती कर रहा था कि एक सांसद के हिस्से में लगभग 2000 करोड़ रुपये आता है। देखने में लगता है कि सांसद के पास बहुत ताकत है, लेकिन जब हम फील्ड में जाते हैं तो अफसोस होता है और बरबस निकल जाता है कि हमारी स्थिति यह है कि '*रहने को घर नहीं, मगर हिन्दोस्तां हमारा।*'

सभापति महोदय : '*सारा जहां हमारा।*'

डॉ. राजन सुशान्त : जी, सारा जहां हमारा। यह हमारी हालत हो गई है।

आदरणीय सभापति जी, आज हमारी जो योजनाएँ हैं चाहे नरेगा हो, चाहे भारत निर्माण की हों, चाहे प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना हो, चाहे सर्व शिक्षा अभियान हो, चाहे एनआरएचएम हो, चाहे राजीव गांधी योजना हो, स्वास्थ्य बीमा योजना हो, सिंचाई की योजना हो ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप मांग क्या करते हैं?

डॉ. राजन सुशान्त : मैं अनेकानेक योजनाओं का ज़िक्र इसलिए कर रहा हूँ कि सारा पैसा भारत सरकार दे रही है, लेकिन मुझे अनुभव हुआ है व्यक्तिगत तौर पर, और बहुत से सांसदों को भी यह अनुभव होता है कि यहाँ तो हम बजट पास करके चले जाते हैं लेकिन जब वही योजनाएँ बनती हैं तो न तो बनाते वक्त हमसे पूछा जाता है और न बजट मंज़ूर करते वक्त हमसे पूछा जाता है, न क्रियान्वयन करते वक्त पूछा जाता है, न मॉनीटरिंग के वक्त पूछा जाता है। लेकिन उस समय अफसोस और अपमान की बात हो जाती है कि दिया हुआ पैसा तो केन्द्र सरकार का होता है लेकिन शिलान्यास और उद्घाटन के समय भी सांसदों को सम्मान नहीं दिया जाता है। मैं आज यहाँ मांग करता हूँ कि जितनी भी केन्द्र सरकार की योजनाएँ बनें, उनमें हमारी सहभागिता भी होनी चाहिए। योजना बनाएं, योजना का पैसा मंज़ूर करें, क्रियान्वयन कराएँ, मॉनीटरिंग कराएँ, इनमें सब जगह हमारी सहमति भी चाहिए और साथ ही सहभागिता भी चाहिए। इसके लिए मेरा सुझाव है कि भारत सरकार से सभी सांसद चाहते हैं कि जितनी केन्द्र की योजनाएँ हैं, उनके साथ इंस्ट्रक्शन दे दें कि इनको बनाते समय योजनाओं के लिए जिला स्तर पर और ब्लाक स्तर पर संबंधित सांसदों को उनका चेयरमैन बना दिया जाए ताकि सारी योजनाओं का ठीक ढंग से क्रियान्वयन हो और भ्रष्टाचार मुक्त भारत हो जाए। सांसद मज़बूत होगा तो संसद मज़बूत होगी और केन्द्र सरकार मज़बूत होगी।

सभापति महोदय : सुशान्त जी, एक उर्दू का बहुत मशहूर शेर है -

'दुनिया में किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता

ज़मीं मिलती है तो आसमां नहीं मिलता।'

â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : श्री वीरेन्द्र कश्यप, प्रो. रामशंकर तथा श्री अर्जुन राम मेघवाल का नाम डॉ. राजन सुशान्त द्वारा उठाए गए मुद्दे के साथ संबद्ध किया जाता है।

The House stands adjourned to meet tomorrow, the 16th March, 2011 at 11 a.m.

20.18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, March 16, 2011/Phalguna 25, 1932 (Saka).

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Nor recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi

** Not recorded

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded

* Not recorded